Regarding Train facilities in the Khalilabad, Basti etc. in the Sant Kabir Nagar Constituency

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) **:** महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर से चुनकर आया हूँ । मेरे गोरखपुर परिक्षेत्र में खलीलाबाद, बस्ती आदि में ट्रेन का टिकट, दो-दो, तीन-तीन महीने तक कन्फर्म नहीं होता है । माननीय रेल मंत्री जी यहाँ बैठे हुए हैं, मैं उनका ध्यान आकर्षित कराना चाह रहा हूँ । वहाँ ट्रेनें बहुत कम चलती हैं । हमारे गोरखपुर परिक्षेत्र के यात्री टिकट कन्फर्म न होने के चलते बहुत परेशान रहते हैं । मैं माननीय रेल मंत्री जी से चाहता हूँ कि गोरखपुर परिक्षेत्र में खलीलाबाद, बस्ती आदि अन्य जगहों पर रूकने के लिए और ट्रेनें चलायी जाएं ।

महोदया, यात्रियों को सुविधा मिलनी चाहिए और सबकी टिकट जल्दी कंफर्म होनी चाहिए । मैं रेल मंत्री जी से एक निवेदन यह भी करना चाहता हूं कि संत कबीर नगर जनपद में खलीलाबाद जिले के स्टेशन पर नई रेल पटरी बननी है । 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इसका काम शुरू नहीं हुआ है ।

माननीय सभापति **:** आप मांग रखिए ।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **:** महोदया, 15 वर्षों से इस पटरी का शिलान्यास हो चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ है । मैं कहना चाहता हूं कि यह जो नई रेल पटरी बननी है, इसे तत्काल शुरू कराया जाए, ताकि इस क्षेत्र का विकास हो सके ।